प्रादेशिक समाचार

दिनांक–12.10.2025 (सुबह–0830 बजे)

मुख्य समाचार

- जीएसटी सुधारों से झारखंड के इस्पात, लोहा और इंजीनियरिंग उद्योगों को मिलेगा बढ़ावा, पर्यटन स्थलों पर स्थानीय उद्यमों और सामुदायिक आजीविका की राह हुई आसान।
- घाटशिला उपचुनाव को लेकर झारखंड में सियासी हलचल तेज, भाजपा ने विकास के मुद्दे पर राज्य सरकार पर साधा निशाना, झामुमो ने सीट बंटवारे पर राजद को दिया अल्टीमेटम।
- रांची के कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल में अब गैर बीमा वाले लोगों का भी होगा इलाज, सस्ती दर पर लोगों को मिलेगी स्वास्थ्य सुविधाएं।
- हर घर स्वदेशी अपनाने को लेकर रांची में हुई मैराथन दौड़, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना।
- 40वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स में अबतक झारखंड के खिलाड़ियों ने जीते दो स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य, रांची के पार्थ ने बालक अंडर–20 लंबी कूद में बनाया नया रिकॉर्ड।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित और पिछले महीने की 22 तारीख से शुरू जीएसटी बचत उत्सव का लाभ पूरे देश को मिल रहा है। हमारी संवाददाता ने बताया कि जीएसटी सुधारों ने झारखंड के विभिन्न उद्योगों को प्रोत्साहन दिया है।

****

बिहार चुनाव और घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव को लेकर झारखंड में सियासी हलचल तेज हो गई है। बिहार चुनाव में इंडिया ब्लॉक के बीच सीट बंटवारे को लेकर चल रही खींचतान के बीच झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने अल्टीमेटम देते हुए कहा कि 15 अक्टूबर तक राजद कोई निर्णय नहीं लेता है तो वे अपना निर्णय सुना देंगे।

घाटशिला उपचुनाव को लेकर झारखंड के पूर्व नेता प्रतिपक्ष और भाजपा नेता अमर कुमार बाउरी ने विकास के मुद्दे पर राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस बार यहां की जनता बदलाव चाहती है।

****

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा है कि रांची के कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल में अब गैर बीमा वाले लोगों का भी इलाज हो सकेगा। इससे आम जनता को सस्ती दर पर इलाज की सभी सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

****

दुमका जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र में दो बाइक मोटरसाइकिलों की आमने–सामने हुई टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। हंसडीहा थाने की पुलिस ने दुर्घटना के बाद तीनों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरैयाहाट पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

****

स्वदेशी संकल्प के साथ विकसित भारत 2047 की थीम पर राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में आज सुबह मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन दौड़ को रवाना किया। रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ ने कहा कि इस मैराथन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर स्वदेशी घर घर स्वदेशी अभियान को घर घर तक पहुंचाने की योजना है।

****

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रांची स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय में हर घर स्वदेशी घर–घर स्वदेशी अभियान से जुड़े पोस्टर, पंपलेट और संकल्प पत्र का विमोचन किया।

****

इंटरनेशनल गर्ल्स चाइल्ड डे के मौके पर गिरिडीह में बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। गिरिडीह झंडा मैदान से देर शाम जागरूकता अभियान के तहत पैदल मार्च निकाला गया।

****

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी के बेटे कृष अंसारी का चलती कार से बाहर हाथ दिखाता वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद तीन हजार छह सौ पचास रुपये का जुर्माना लगाया गया, जिसे उन्होंने जमा करा दिया।

****

गिरिडीह जिले में बाल श्रमिकों से काम लेने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

****

जमशेदपुर के बिष्टुपुर थाना क्षेत्र से एक बच्चे के अपहरण के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस अपहरण में शामिल तीन अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम मुर्शिदाबाद में लगातार छापेमारी कर रही है।

****

ओड़िशा के भुवनेश्वर स्थित कलिंगा स्टेडियम में चल रही 40वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दूसरे दिन रांची के पार्थ सिंह ने बालक अंडर 20 में सात दशमल आठ दो मीटर लंबी कूद लगाकर एस. लोकेश एल. सत्यनाथन द्वारा बनाए गए सात दशमलव सात नौ मीटर के रिकार्ड को तोड़ नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। दो दिन के खेल में झारखंड के खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जीता है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और खेल मंत्री सुदिव्य कुमार ने बधाई दी है।

****

अख़बारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर लिखता–झारखंड के सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम में प्रधानमंत्री धन धान्य योजना शुरू।

दैनिक भास्कर ने रांची के तीन बस स्टैंड के सौंदर्यीकरण की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

हिन्दुस्तान ने–जैक बोर्ड परीक्षा के पैटर्न में बदलाव की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

दैनिक जागरण और अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया ने –सारंडा में सीआरपीएफ जवान के शहीद होने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अंग्रेजी अखबार हिंदुस्तान टाइम्स ने बिहार चुनाव में सीट बटवारे की खबर को प्रमुखता दी है।

****